आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 26.03.2025 समय : 02.10pm

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर राज्य स्तरीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सम्मेलन की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय" की कल्पना संपूर्ण समाज के कल्याण और सामूहिक समृद्धि के लिए की गई है। यह विचार सहकारिता के मूल सिद्धांतों से जुड़ा हुआ है।

मुख्यमंत्री मुरैना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मुरैना जिले के प्रवास पर है। वह यहां आयोजित स्वास्थ्य शिविर में शामिल होंगे। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों का उपचार करेंगे। शिविर का आयोजन 2 अप्रैल तक एस.ए.एफ परेड ग्राउड में किया जा रहा है। इसमें गरीब व्यक्तियों को चिकित्सीय सहायता देने को प्राथमिकता दी जाएगी। शिविर में भिण्ड, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, गुना और अशोकनगर जिले के लोग अपना इलाज करा सकेंगे।

स्वच्छता सर्वेक्षण

प्रदेश में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 का कार्य लगातार जारी है। इस संबंध में नगरीय निकायों को समय-समय पर निर्देश जारी किये जा रहे हैं। केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्रालय स्वच्छता को लेकर नागरिकों से सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म वोट फॉर योर सिटी वेब, वोट फॉर योर सिटी ऐप और स्वच्छता ऐप पर प्रतिक्रिया ले रहा है। यह प्रतिक्रियाएं स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के परिणामों एवं रैंकिंग को प्रभावित करेंगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने नगरीय निकायों को इस संबंध में जागरूक करने के लिये कहा है। नगरीय निकायों को दिए गए निर्देशों में कहा गया है कि निकाय कि टीम मोहल्लों के दौरे में प्रत्येक घर में जाकर स्वच्छत्ता सर्वेक्षण कि जानकारी और प्रयासों के बारे में जानकारी लोगों को दें

लोकसभा वैष्णव

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की रिपोर्ट के बाद एक हजार 410 गेमिंग साइटों को ब्लॉक कर दिया गया है। आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों के उत्तर में श्री वैष्णव ने कहा कि सट्टेबाजी और जुआ राज्य सूची का हिस्सा हैं और राज्य सरकार के पास इसके लिए विधायी ढांचा बनाने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने इस संबंध में कई कदम उठाए हैं।

छत्तीसगढ़ माओवादी आत्मसमर्पण

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आज नौ माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें 6 महिला माओवादी भी शामिल हैं। इन पर 26 लाख रुपए का इनाम घोषित था। ये माओवादी कई बड़ी वारदातों में शामिल थे। माओवादियों ने पुलिस और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में आत्मसमर्पण किया।

छत्तीसगढ़-बघेल-सीबीआई-छापे

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई ने कथित तौर पर छह हजार करोड़ रुपये के महादेव ऐप घोटाले के सिलसिले में आज छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर और भिलाई स्थित आवासों पर छापेमारी की।

समाचार संक्षेप में...

- सक्षम आंगनवाड़ी एवं मिशन पोषण 2-0 अभियान के तहत शिवपुरी जिले में कल आंगनवाड़ी कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया गया।
- जबलपुर जिले में पेरेंट्स को महंगी किताबों से राहत दिलाने के लिए कलेक्टर की पहल पर लगाए गए पुस्तक मेले में आधी कीमतों पर स्कूली किताबें व यूनिफॉर्म, स्कूल बैग और अन्य स्टेशनरी पर भी 20 से 50 फीसदी तक की छूट दी जा रही है
- नर्मदापुरम जिले में गेहूं उपार्जन के कार्य में तेजी आई है। गेहूं उपार्जन के लिए 152 केंद्र में से 82 केंद्रों पर 2 हजार 422 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं।
- खंडवा एसडीएम पंधाना दिनेश सांवले ने बताया कि जिल में नरवाई जलाने पर दो भूमि स्वामियों पर प्रकरण दर्ज कर क्रमशः 2500 एवं 5000 रूपए का अर्थदंड लगाया गया है।
- आईपीएल टी20 क्रिकेट में गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।